# स्वाध्याय अध्ययन-सत्र २

सोमवार, २१ सितम्बर, २०२०

आत्मीय पाठकगण,

नमस्ते!

आपके ऊपर सदैव देवलोक के प्रकाश की वर्षा होती रहे, आपका अन्तर-प्रकाश बाहर प्रकट हो।

कल, मंगलवार, २२ सितम्बर को उत्तरी गोलार्द्ध में शरत्कालीन विषुवदिन यानी इक्विनॉक्स् है और दक्षिणी गोलार्द्ध में वासन्तिक विषुवदिन है। यह वह समय है जब प्रकाश इस पृथ्वी पर पूरी तरह सन्तुलित रूप से बिखरा होता है।

जैसा कि मैंने आपसे वादा किया था, मैं आपको स्वाध्याय के प्रकाश के बारे में बताने हेतु लिख रहा हूँ। अगला स्वाध्याय अध्ययन-सत्र २, आने वाले शनिवार, २६ सितम्बर को सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर होगा—पहली बार यह सीधे वीडिओ प्रसारण के रूप में होगा और फिर वेबकास्ट के रूप में। इसकी जानकारी इस प्रकार है :

**तारीख़ :** शनिवार, २६ सितम्बर, २०२०

**समय :** प्रातः १०:०० से दोपहर १२:०० बजे तक, ईस्टर्न डेलाईट टाइम, यू. एस. ए [सीधा वीडिओ प्रसारण]

शाम ७:३० से ९:३० बजे तक, ईस्टर्न डेलाईट टाइम, यू. एस. ए [वेबकास्ट]

यह अध्ययन-सत्र वेबकास्ट द्वारा विशेषरूप से उन लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा जो पूर्वी गोलार्द्ध में रहते हैं। इस प्रकार आप इसमें भाग ले सकेंगे जब आप पर्याप्त आराम कर चुके हों, पूरी तरह तरोताज़ा हों, और अध्ययन करने के लिए तैयार हों।

अध्ययन-सत्र २ में आप इस पर केन्द्रण करेंगे कि श्रीगुरुगीता के विशिष्ट श्लोकों को किस प्रकार गाना है। इस अध्ययन-सत्र के लिए आप किस प्रकार तैयारी कर सकते हैं, इस विषय में मैं कुछ निर्देश देना चाहूँगा :

- स्वाध्याय के विषय पर व्याख्या को पढ़ें और उस पर चिन्तन-मनन करें।
    - आपने जो सीखा है, उसे अपने साधना-जर्नल में लिखें और आगे उसका अन्वेषण करें।
- ऐसा स्थान तैयार कर लें जो अध्ययन के लिए सहायक हो।
    - यह सुनिश्चित करें कि आपको जिस भी सामग्री की आवश्यकता हो, वह सब आपके पास है, जैसे आसन, शॉल, स्वाध्याय सुधा और आपका साधना-जर्नल।

आप सभी सुरक्षित रहें!

आदर सहित,

स्वामी अखण्डानन्द
अध्ययन-सत्रों के प्रबन्ध निदेशक
एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन

© २०२० एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।